D.A.V. PUBLIC SCHOOL, THANE
2022-2023
PERIODIC TEST-III
SUBJECT: HINDI(SET-B)

STD: VIII **MARKS: 40**
DATE: 21.12.22 **TIME: 1.30 hr**

सामान्य निर्देश -

१. इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं |

२. दोनों खंड अनिवार्य हैं |

३. प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए |

खंड-'क'

1. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x5=5

मानव जाति को अन्य जीवधारियों से अलग करके महत्त्व प्रदान करने वाला जो एकमात्र गुरु है, वह है उसकी विचार-शक्ति। मनुष्य के पास बुद्धि है, विवेक है, तर्कशक्ति है अर्थात उसके पास विचारों की अमूल्य पूँजी है। अपने सुविचारों की नींव पर ही आज मानव ने अपनी श्रेष्ठता की स्थापना की है और मानव-सभ्यता का विशाल महल खड़ा किया है। यही कारण है कि विचारशील मनुष्य के पास जब सुविचारों का अभाव रहता है तो उसका वह शून्य मानस कुविचारों से ग्रस्त होकर एक प्रकार से शैतान के वशीभूत हो जाता है। मानवी बुद्धि जब सद्भावों से प्रेरित होकर कल्याणकारी योजनाओं में प्रवृत्त रहती है तो उसकी सदाशयता का कोई अंत नहीं होता, किंतु जब वहाँ कुविचार अपना घर बना लेते हैं तो उसकी पाशविक प्रवृत्तियाँ उस पर हावी हो उठती हैं।

क. मानव जाति को महत्त्व देने में किसका योगदान है ?

(i) शारीरिक शक्ति का

(ii) परिश्रम और उत्साह का

(iii) विवेक और विचारों का

(iv) मानव सभ्यता का

ख. मानव के पास विचारों की कौन-सी पूँजी में शामिल है ?

(i) बहुमूल्य

(ii) अमूल्य

(iii) तर्क संबंधी

(iv) कुबुद्धि

ग. मानव में पाशविक प्रवृत्तियाँ क्यों जागृत होती हैं ?

(i) हिंसा बुद्धि के कारण

(ii) असत्य बोलने के कारण

(iii) कुविचारों के कारण

(iv) स्वार्थ के कारण

घ. 'श्रेष्ठता' शब्द में कौन-सा प्रत्यय लगा है ?

(i) त

(ii) तआ

(iii) ता

(iv) तअ

ङ. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक हो सकता है

(i) मनुष्य का गुरु

(ii) विवेक-विचार शक्ति

(iii) दानवी शक्ति

(iv) पाशविक प्रवृत्ति

2. निम्नलिखित शब्द में संधि कीजिए-

छात्र + आवास **1**

3. 'सर्वाधिक' शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए | **1**

4. निम्नलिखित समस्तपद का विग्रह करके समास के भेद का नाम लिखिए - **1**

अन्न-जल

5. निम्नलिखित विग्रह का समस्तपद बनाइए तथा समास के भेद का नाम लिखिए - **1**

महान है जो आत्मा

6. दिए गए वाक्य में उचित मुहावरे का प्रयोग कीजिए - **1**

छोटे भाई ने चिल्ला-चिल्लाकर मेरी ---------- कर दिया |

7. 'आसमान सिर पर उठाना' मुहावरे का अर्थ लिखिए | **1**

8. निम्नलिखित वाक्य में उचित विराम चिह्न लगाइए- 1

अरे वाह बहुत स्वादिष्ट खाना है

9. मैं उत्तर लिख रहा हूँ | (वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न का नाम लिखिए |) 1

10. जहाँ शब्द तो एक ही बार प्रयुक्त किया जाए पर उसके एक से अधिक अर्थ हों वहाँ --------- अलंकार होता है | 1

11. 'हरिपद कोमल कमल-से'- इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है? 1

खंड-'ख'

12. नीचे लिखे पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x3=3

ठुमक चलत रामचंद्र ,बाजत पैजनियाँ |

किलकि-किलकि उठत धाय, गिरत भूमि लटपटाय |

धाय मात गोद लेत , दशरथ की रनियाँ ||

अंचल रज अंग झारि ,विविध भाँति सो दुलारि |

तन मन धन वारि-वारि ,कहत मृदु बचनियाँ ||

१. प्रस्तुत पद में 'दशरथ की रनियाँ' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?

२. ठुमक कर कौन चल रहा है ?

३. 'बचनियाँ' शब्द का क्या अर्थ है ?

13. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए- (कोई तीन) 2x3=6

क. बातचीत की कला में निपुणता प्राप्त करने के लिए क्या-क्या करना चाहिए ?

ख. बातचीत में स्नायविक थकान, क्षोभ, मलाल और तुनुक-मिजाज़ी को कैसे पराजित किया जा सकता है ?

ग. श्रीधर को देखकर लेखक को अपने ऊपर झुंझलाहट क्यों हो रही थी ?

घ. लेखक की दादी तथा माँ ने उसे काँच का बबुआ क्यों बना दिया था ?

14. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30 से 40 शब्दों में लिखिए- 3x2=6

क. अच्छी बातचीत से प्रत्येक समस्या का समाधान संभव है | कैसे ?

ख. लेखक का आत्मविश्वास खो गया था ,परंतु हमें अपने आत्मविश्वास को बनाए रखने के लिए क्या करना चाहिए ?

15. 'व्यायाम करने से हम सेहतमंद रहेंगे' इस कथन को समझाते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए | 5

अथवा

पिताजी को पत्र लिख कर इस बात की जानकारी दीजिए कि पिछले सप्ताह आपके विद्यालय में वार्षिक खेल-कूद हुए थे तथा आपने भी उसमें भाग लिया था |

16. 'जीवन में सफल होने के लिए परिश्रम की आवश्यकता है |' इस विषय पर दो छात्रों के बीच वाले संवाद को लिखिए | 5

अथवा

'महँगाई की समस्या को दूर करना आज की आवश्यकता है |' इस विषय पर दो छात्रों के बीच होने वाले संवाद को लिखिए |
